# विधायक काश्यप बोले निगम आयुक्त उनसे मिलने आए लोगों से करे मुलाकात

## सैलाना ओवरब्रिज के नीचे तथा विनोबा नगर मुक्तिधाम स्थल के समीप सब्जी विक्रेताओं को विक्रय सुविधा उपलब्ध कराए

रतलाम. शहर के विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। इसमें शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से कहा कि आमजन जब अपनी समस्या लेकर निगम कार्यालय आए तो निगमायुक्त यह सुनिश्चित करें कि वह शिकायतकर्ता से मिले और उसकी समस्या का समय सीमा में निराकरण कर सके।

विधायक काश्यप ने शहर के सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि सब्जी बेचने वाले हाकर्स को एक नियत स्थान पर सब्जी विक्रय की सुविधा देने पर भी चर्चा की। कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने



निगमायुक्त को निर्देशित किया कि आगामी 15 अप्रैल तक सैलाना ओवरब्रिज के नीचे तथा विनोबा नगर मुक्तिधाम स्थल के समीप सब्जी विक्रेताओं को विक्रय सुविधा निर्मित कर उपलब्ध करवा दें।

### सेंट्रल लाइटिंग के उपर की केबल हटाए

विधायक ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि कई स्थानों पर शहर में यह देखा गया है कि सेंट्रल लाइटिंग के ऊपर केबल लाइन खींच दी गई है जो गलत है, उसे हटवाया जाए। सैलाना बस स्टैंड मिशन कंपाउंड से लगी चार दुकानों को पीछे स्थान पर करने के निर्देश भी विधायक ने दिए। बताया कि मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा आगे बढ़कर अपना सामान रख दिया जाता है, इस अतिक्रमण को रोकने के लिए लाइनिंग की जाएगी।

### सर्विस लेन पर लगे रैलिंग

विधायक ने निर्देश दिए कि शहर में निर्माण कार्यों में यह सुनिश्चित करें कि निर्माणकर्ता द्वारा नगर निगम के निर्माण अनुमति संबंधी नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाए। विधायक ने नगर निगम आयुक्त को यह भी निर्देशित किया कि शहर में दुर्घटना संभावित स्थलों, मुख्य मार्गों तथा डार्क स्पॉट पर डिवाइडर एवं हाई मास्ट लगाए जाएं। कलेक्टर ने निगमायुक्त से कहा कि फव्वारा चौक से कलेक्ट्रेट तक मुख्य रोड तथा सर्विस रोड के मध्य रैलिंग लगाई जाए। विधायक ने सब्जी तथा फल-फूल मंडी के मथुरी क्षेत्र में स्थापित करने पर चर्चा की।

पत्रिका

पत्रिका 15/3/22

**स्वच्छ सर्वेक्षण** • आज जीएफसी और ओडीएफ डबल प्लस के लिए आवेदन की अंतिम तारीख, इंदौरी संस्था की लापरवाही, अभी तक नहीं भेज पाए आवेदन

# हमारा शहर वाटर प्लस की दौड़ से हो गया बाहर



# क्योंकि सीवरेज के अधूरे गड्ढों में डूब गए 200 अंक

### शहर के 43273 मकानों में से 16473 सीवरेज लाइन से जोड़े जाना अभी बाकी हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

7500 नंबर वाली सफाई की सालाना परीक्षा के पहले ही हमारे शहर के 200 अंक कट गए हैं। वजह, नगर निगम का खुद ही स्वच्छ सर्वेक्षण में होने वाले वाटर प्लस



सर्टिफिकेट की दौड़ से बाहर होना है। शहर के 43273 में से 16473 मकान अभी भी सीवरेज लाइन से जुड़ना बाकी है। इतना ही नहीं 15 मार्च गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) और ओडीएफ डबल प्लस में शामिल होने की अंतिम तारीख है। अब तक निगम एप्लीकेशन और जरूरी डाक्यूमेंट अपलोड नहीं कर पाया है। इसमें एक करोड़ में ठेका लेने वाली इंदौरी संस्था की लापरवाही रही। अब जबकि एक दिन रह गया है सोमवार को एसबीएम (स्वच्छ भारत मिशन) शाखा में संस्था के सारे प्रमुख लैपटॉप और कम्प्यूटर में जूझते नजर आए। इसमें भी चूक गए तो प्रमाणीकरण के पूरे 2250 अंक खो देंगे। इनमें 1250 अंक गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) स्टार रेटिंग और 1000 ओडीएफ डबल प्लस/वाटर प्लस के हैं। वाटर प्लस से बाहर होने पर अब ओडीएफ डबल प्लस का सर्टिफिकेट मिला तो भी सिर्फ 800 अंक ही मिलेंगे।

### सारे कनेक्शन बैक लाइन के, 12 करोड़ का अतिरिक्त खर्च

जितने भी मकानों के कनेक्शन बाकी रह गए हैं, वे सारे पुराने शहर की तंग गलियों के हैं। मकानों के पीछे वाले इन तीन से पांच फीट चौड़ी गलियों में खुदाई करके लाइन डालकर कनेक्शन करना संभव नहीं हैं। इन गलियों में अब जिन नालियों से होकर गंदा पानी निकल रहा है, उसे ही पक्का बनाकर पूरी तरह ढंकते हुए सीवरेज की मुख्य लाइन से जोड़ देने की तैयारी है। बड़ी रूकावट इस पर होने वाला लगभग 12 करोड़ का अतिरिक्त खर्च है, जिसके रिवाइज एस्टीमेट को अब तक भोपाल में मंजूरी नहीं मिल पाई है। उसके बाद ही कनेक्शन होंगे।

### वाटर प्लस सर्वे से यह फायदा

- शहर के जलाशयों, नदियों और तालाबों स्वच्छ रखना हो जाएंगे, नदी, नालों और नालियों में केवल साफ और बरसाती पानी ही बहेगा।
- सीवरेज के पानी का दोबारा उपयोग होगा, जो शहर में होने लगा है।
- सभी घर सीवरेज लाइन से जुड़ी होना चाहिए। इससे गंदा पानी नालियों में नहीं बहेगा
- एसटीपी के ट्रीटेड पानी का कम से कम 25 प्रतिशत सड़क की धुलाई, गार्डन, खेती समेत अन्य कामों में इस्तेमाल हो।
- ड्रेनेज की शिकायतों का त्वरित समाधान।

**कोशिश जारी...** इस कलाकार की तरह निगम भी शहर की व्यवस्थाओं को दे रहा आकार



स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के मद्देनजर फोरलेन में तब्दील की गई लोकेंद्र भवन रोड की बाउंड्रीवॉल पर पेंटिंग करता कलाकार।

### नंबर बढ़ाने के लिए दो नए इनोवेशन

- **ट्रिपल आर** - इसका मतलब रिड्यूज, रीयूज और रीसाइकिल है। इसके लिए नगर निगम अनुपयोगी कचरे को इकट्ठा कर शहर के 12 बगीचों में कलाकृतियां बनाने की तैयारी कर रहा है। इससे कचरा साफ होगा, वहीं बगीचों की सुंदरता बढ़ेगी।
- **सिगरेट बट से कुशन** - इसके लिए नगर निगम पहले चरण में 40 दुकानों पर छोटे डस्टबिन लगाए थे। इसे बढ़ाकर अब 100 कर दिए हैं। सिगरेट बट से निकलने वाले फिल्टर से कुशन बनाए जाएंगे। वहीं, तंबाकू से खाद और पेपर से खाद बनेगी।

### 20 मार्च बाद सर्वे करने आएगी मूल्यांकन टीम

स्वच्छ सर्वेक्षण का फाइनल सर्वे पहली मार्च से शुरू हो चुका है, जो 28 मार्च तक चलेगा। अभी तक नगर निगम का नंबर तो नहीं आया है लेकिन बताया जा रहा है कि अब मूल्यांकन टीम होली के बाद 20 मार्च के आसपास ही सर्वे करने आएगी। हालांकि सर्वे गुप्त रूप से होगा, जिसका निगम को भी पता नहीं चलेगा। फिलहाल निगम अफसरों का सारा फोकस सफाई पर है। भास्कर

### इस बार ओडीएफ डबल प्लस और जीएफसी स्टार रेटिंग में ही शामिल होंगे

*स्वास्थ्य सहित निगम का पूरा अमला स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर अलर्ट मोड पर है। लापरवाहों पर कार्रवाई के साथ नंबर बढ़ाने के लिए इनोवेशन और प्रयोग किए जा रहे हैं। इस बार ओडीएफ डबल प्लस और जीएफसी स्टार रेटिंग में ही शामिल होंगे।* **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त

दै. भास्कर 15/3/22

# ा निराकरण के लिए निगम कार्यालय में आए तो निगमायुक्त उनसे मिलना सुनिश्चित करें

## धायक काश्यप ने बैठक में दिए निर्देश



नगर शमशान स्थल के समीप को विक्रय सुविधा निर्मित कर । विधायक ने निगमायुक्त को कई स्थानों पर शहर में यह सेंट्रल लाइटिंग के ऊपर केबल है, जो गलत है, उसे हटवाया स्टैंड मिशन कंपाउंड से लगी छे स्थान पर करने के निर्देश भी बताया गया कि शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा आगे बढ़कर अपना सामान रख दिया जाता है, इस अतिक्रमण को रोकने के लिए लाइनिंग की जाएगी।

विधायक ने निर्देश दिए कि शहर में निर्माण कार्यों में यह सुनिश्चित करें कि निर्माणकर्ता द्वारा नगर निगम के निर्माण अनुमति संबंधी नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाए। विधायक ने नगर निगम आयुक्त को यह भी निर्देशित किया कि शहर में दुर्घटना संभावित स्थलों मुख्य मार्गों तथा ब्लैक स्पॉट पर डिवाइडर एवं हाई मास्ट लगाए जाएं।

बैठक में कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को निर्देशित किया गया कि फव्वारा चौक से कलेक्ट्रेट तक मुख्य रोड तथा सर्विस रोड के मध्य रेलिंग लगाई जाए। विधायक श्री काश्यप ने सब्जी तथा फल-फूल मंडी के मधुरी क्षेत्र में स्थापित करने पर चर्चा की। साथ ही बताया गया कि त्रिवेणी क्षेत्र में भी शीघ्र ही सब्जी, फल-फूल विक्रेताओं के बैठने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

प्रसारण

## त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों की बैठक संपन्न

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

आगामी होली, रंग पंचमी तथा अन्य त्योहारों के अवसर पर जिले में शांति तथा कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम राजेश शुक्ला, हिमांशु प्रजापति, सुश्री कृतिका भिमावद, सुश्री मनीषा वास्कले, श्रीमती कामिनी ठाकुर, जिले के एसडीओ, पुलिस थाना प्रभारी, तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

त्योहारों के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि असामाजिक तत्वों तथा बदमाशों पर सख्त निगरानी रखी जाए। छोटी सी घटना पर भी तत्काल संज्ञान लिया जाए। किसी भी घटना पर अधिकारी अपना वीडियो वर्जन जारी करें जिसमें घटना की स्पष्ट जानकारी हो। राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों को सतत संयुक्त भ्रमण के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि रतलाम जिले में लगभग 1100 होलिका दहन स्थल हैं। संवेदनशील स्थलों की संख्या 100 से 125 तक है। चिन्हांकित संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कवरेज किया जाएगा जिससे कोई भी घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सके। उसी स्थान पर फ्लेक्स भी लगाया जाएगा जिस पर लिखा होगा कि आप सीसीटीवी निगरानी में है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को कानून व्यवस्था के दृष्टिगत सतत निरीक्षण करने, सतर्कता बरतने एवं चौकस रहने के निर्देश दिए। उन्होंने तेज गति से चलने वाले बाइकर्स पर भी सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि होली तथा रंगपंचमी के दिवस पर सुबह से लेकर रात तक शराब की दुकानें बंद रहेंगी।

प्रसारण 15/3/22

विधायक की हिदायत

# समस्या लेकर कोई भी निगम जाए तो आयुक्त मिलें और समाधान करें

भास्कर संवाददाता | रतलाम

लोग समस्या लेकर निगम कार्यालय जाते हैं, तो सामान्य तौर पर वहां कोई सुनने वाला नहीं होता। शिकायतें मिलने के बाद सोमवार को विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर और निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम को निर्देश दिए कि आमजन जब समस्या के निराकरण के लिए निगम कार्यालय जाए तो निगमायुक्त से मिल सके और समय सीमा में उसको हल करें, ऐसी व्यवस्था बनाई जाए।

दरअसल विधायक काश्यप विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इसमें विधायक काश्यप ने सब्जी तथा फल-फूल मंडी के मथुरी क्षेत्र में स्थापित करने पर चर्चा की। त्रिवेणी क्षेत्र में शीघ्र सब्जी, फल फूल विक्रेताओं के बैठने के लिए व्यवस्था की जाएगी। मीटिंग में पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एएसपी डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमंत चौहान, आरटीओ दीपक कुमार मौजूद रहे।



विधायक कार्श्यप कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर और एसपी के साथ मीटिंग करते हुए।

## बैठक के दौरान इन मुद्दों पर लिए गए फैसले

- **यातायात प्रबंधन** - सब्जी बेचने वाले हॉकर्स को एक नियत स्थान देने का फैसला हुआ। इस पर कलेक्टर ने निगमायुक्त को 15 अप्रैल तक सैलाना ओवरब्रिज के नीचे और विनोबा नगर श्मशान स्थल के समीप सब्जी विक्रेताओं को स्थान देने को कहा।
- **केबल लाइन हटाएं** - विधायक ने आयुक्त से कहा कई सड़कों पर सेंट्रल लाइटिंग के लिए लगाए खंभों पर केबल लगा दी है। यह गलत है, उसे हटवाए। सैलाना बस स्टैंड मिशन कंपाउंड से लगी चार दुकानों को पीछे करने को कहा, ताकि महाराणा प्रताप चौराहा से बड़े वाहन आसानी से टर्न ले सकें।

**अतिक्रमण रोकने लाइनिंग** - मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा सड़क तक किए अस्थाई अतिक्रमण रोकने के लिए अब नगर निगम लाइन डालेंगे। उसके आगे सामान या वाहन रखने वालों पर स्पॉट फाइन किया जाएगा।

**हाईमास्ट लगाएं** - विधायक काश्यप ने शहर में दुर्घटना संभावित स्थानों और मुख्य मार्गों का सर्वे कर डार्क स्पॉट चयनित करें। वहां डिवाइडर एवं हाई मास्ट लगाए, इससे दुर्घटनाएं नहीं होंगी। कलेक्टर ने फव्वारा चौक से कलेक्ट्रेट तक मुख्य रोड तथा सर्विस रोड के बीच रेलिंग लगाने को कहा।

भास्कर

दै. भास्कर 15/3/22

**पीएम आवास योजना : एक साल से काट रहे चक्कर, झोपड़ी तोड़कर बैठे लोग**

# जिले में 4 हजार से अधिक को राशि का इंतजार

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



**रतलाम.** जिले में 4 हजार से अधिक पीएम आवास ऐसे हैं, जिनको पूरा होने का इंतजार हैं। जिनके आवास मंजूर हुए, वे अपनी झोपड़ी तोड़कर इस उम्मीद में एक साल से बैठे हुए हैं कि आज नहीं तो कल उनको राशि मिलेगी। बड़ी बात यह है कि पिछली बारिश तो जैसे तैसे कट गई, इस बार भी अगर राशि समय पर नहीं मिली तो परेशानी हो जाएगी।

पीएम आवास योहना में जिला पंचायत लक्ष्य लेकर काम करती हैं। जिले की छह जनपद को देखें तो सबसे अधिक आवास की मंजूरी आदिवासी क्षेत्र बाजना में हुई, लेकिन अब तक काम अधूरे होने से लक्ष्य को 31 मार्च तक पूरा करने में फिसड्डी ही जनपद साबित हो रही हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ बाजना जनपद में ही काम अधूरे हो, हर जनपद में काम अधूर हैं। अब शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में जिनके आवास मंजूर हुए हैं, उनको यह चिंता सता रही हैं कि निर्माण सामग्री महंगी होने से उनका आवास पूरा होगा या नहीं।

## फैक्ट फाइल

| जनपद | मंजूर किए | अधूरे |
|---|---|---|
| आलोट | 9923 | 602 |
| बाजना | 15799 | 1418 |
| जावरा | 3817 | 202 |
| पिपलोदा | 3489 | 183 |
| रतलाम | 6147 | 828 |
| सैलाना | 13076 | 816 |
| कुल | 52251 | 4049 |

## समय पर पूरा करवाएंगे

जिले में करीब 4 हजार पीएम आवास कई कारण से अधूरे है। इनको समय सीमा में पूरा करवाया जाए, इसके प्रयास जारी है।
**- विनिता लोढ़ा,** अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत

एक साल में दूसरी किश्त का इंतजार कर रहे है। भरोसा दिया गया था कि फरवरी में किश्त आ जाएगी, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है।
**- अमृता कटारा,** रहवासी ईश्वर नगर



पत्रिका

पत्रिका 15/3/22

शहर में स्पॉट फाइन के चल रहे दो नियम

# मनमर्जी : सरकारी कार्यालय में गंदगी का अंबार, लेकिन जुर्माना सिर्फ आम शहरी पर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा बनाए गए स्पाट फाइन दल द्वारा शहर के आमजन के साथ भेदभाव किया जा रहा है। निगम के काम करने के तरीके को देखें तो यह साफ नजर आ रहा है कि आमजन शहरी व सरकारी कार्यालय के लिए अलग-अलग नियम है। शहर के बीच रेलवे क्षेत्र में गंदगी कायम है, लेकिन स्वच्छता तो दूर, निगम ने यहां आकर गंदगी करने पर जुर्माना तक नहीं किया है।

शहर में अगर कोई व्यक्ति घर के बाहर कचरा संग्रहण वाहन के नहीं आने पर कचरे की थेली डाल दे तो तुरंत जुर्माना 100 रुपए से लेकर 500 रुपए तक जुर्माना किया जाता है। इतना ही नहीं, इसी माह एक व्यक्ति को पुलिस थाने में भी एक दिन बैठने की सजा दी है। ऐसे में शहर के महू रोड पर स्थित गुजराती चाल में बने रेलवे के प्रशिक्षण केंद्र में गंदगी अब तक कायम है, लेकिन नगर निगम इस मामले में ध्यान तक देना जरूरी नहीं समझ रहा है ।

## रहवासी हो रहे परेशान

रेलवे के प्रशिक्षण केंद्र में जब गंदगी बढ़ जाती है तो वहां पर प्रशिक्षण ले रहे रेल कर्मचारी कचरे व गंदगी को रेलवे की महू रोड स्थित कॉलोनी में रोड पर डाल देते हैं। गर्मी के बढ़ने के साथ ही इस प्रकार की गंदगी से बीमारियों के होने का खतरा रहता है। स्थानीय रहवासियों ने इस मामले में नगर निगम को सूचना देते हुए करीब एक पखवाड़े पूर्व स्वच्छता के लिए क्षेत्र में कड़े कदम उठाने की मांग की थी, लेकिन अब तक इस मामले में कुछ नहीं हुआ है।

## स्वयं जाकर निरीक्षण

महू रोड स्थित गुजराती चाल में बने रेलवे के प्रशिक्षण केंद्र के मामले में जानकारी मिली है। स्वयं जाकर निरीक्षण करुंगा व इसके बाद विभागीय कार्रवाई की जाएगी। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका।

पत्रिका 15/3/22



# आमजन अपनी समस्या निराकरण के लिए निगम कार्यालय में आए तो निगमायुक्त उनसे मिलना सुनिश्चित करें

रतलाम। शहर के आमजन जब अपनी समस्या के निराकरण के लिए निगम कार्यालय आए तो निगमायुक्त यह सुनिश्चित करें कि वह व्यक्ति निगमायुक्त से मिल सके और अपनी समस्या बता सके और निगमायुक्त समय सीमा में उस व्यक्ति की समस्या हल करें। उक्त निर्देश विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्ट्रेट कक्ष में सोमवार को शहर के विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमंत चौहान, आरटीओ दीपक कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में शहर के सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन के संबंध में चर्चा की गई। सब्जी बेचने वाले हाकर्स को एक नियत स्थान पर सब्जी विक्रय की सुविधा देने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि आगामी 15 अप्रैल तक सैलाना ओवरब्रिज के नीचे तथा विनोबा नगर श्मशान स्थल के समीप सब्जी विक्रेताओं को विक्रय सुविधा निर्मित कर उपलब्ध करवा दें। विधायक ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि कई स्थानों पर शहर में यह देखा गया है कि सेंट्रल लाइटिंग के ऊपर केबल लाइन खींच दी गई है जो गलत है, उसे हटवाया जाए। सैलाना बस स्टैंड मिशन कंपाउंड से लगी चार दुकानों को पीछे स्थान पर करने के निर्देश भी विधायक ने दिए। बताया गया कि शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा आगे बढ़कर अपना सामान रख दिया जाता है, इस अतिक्रमण को रोकने के लिए लाइनिंग की जाएगी। विधायक ने निर्देश दिए कि शहर में निर्माण कार्यों में यह सुनिश्चित करें कि निर्माणकर्ता द्वारा नगर निगम के निर्माण अनुमति संबंधी नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाए। विधायक ने नगर निगम आयुक्त को यह भी निर्देशित किया कि शहर में दुर्घटना संभावित स्थलों मुख्य मार्गों तथा डार्क स्पॉट पर डिवाइडर एवं हाई मास्ट लगाए जाएं। बैठक में कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को निर्देशित किया गया कि फव्वारा चौक से कलेक्ट्रेट तक मुख्य रोड तथा सर्विस रोड के मध्य रेलिंग लगाई जाए। विधायक श्री काश्यप ने सब्जी तथा फल-फूल मंडी के मथुरी क्षेत्र में स्थापित करने पर चर्चा की। इन्दौर

इन्दौर समाचार 15/3/22

### नगर निगम कर रहा है सीवरेज वॉटर को ट्रीटेड

# 60 हजार लीटर ट्रीटेड वॉटर का रियूज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. सीवरेज योजना के करमदी व खेतलपुर एसटीपी प्लांट में सीवरेज वॉटर को ट्रीटेड किया जाकर नगर निगम व निर्माण ठेकेदारो द्वारा उसका रियूज किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत सोमवार को 60 हजार लीटर ट्रीटेड वॉटर का रियूज किया गया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया करमदी एसटीपी प्लांट 4 टैंकर रोड डिवाईडर व डिवाईडर में लगे पौधो की सिंचाई हेतु भेजे गये व 3000 लीटर का 1 टैंकर निर्माण ठेकेदार द्वारा 150 रुपए जमा कराने पर बिक्री किया गया। इसके अलावा खेतलपुर एसटीपी प्लांट 4 टैंकर रोड डिवाईडर व डिवाईडर में लगे पौधो की सिंचाई हेतु भेजे गये 2 टैंकर निर्माण ठेकेदार राहूल नवलख्खा द्वारा 500 रूपये जमा कराने पर बिक्री किया गया। एक टैंकर एसटीपी प्लांट के उद्यान में उपयोग किया गया। पत्रिका

पत्रिका 15/3/22

# आमजन अपनी समस्या निराकरण के लिए निगम कार्यालय में आए तो निगमायुक्त उनसे मिलना सु

## विधायक काश्यप ने बैठक में दिए निर्देश

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शहर के आमजन जब अपनी समस्या के निराकरण के लिए निगम कार्यालय आए तो निगमायुक्त यह सुनिश्चित करें कि वह व्यक्ति निगमायुक्त से मिल सके और अपनी समस्या बता सके और निगमायुक्त समय सीमा में उस व्यक्ति की समस्या हल करें। उक्त निर्देश विधायक चेतन्य काश्यप ने कलेक्ट्रेट कक्ष में सोमवार को शहर के विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एस डी एम राजेश शुक्ला, सी एस पी हेमंत चौहान, आर टीओ दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

बैठक में शहर के सुव्यवस्थित यातायात प्रबंधन के संबंध में चर्चा की गई। सब्जी बेचने वाले हॉकर्स को एक नियत स्थान पर सब्जी विक्रय की सुविधा देने पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि आगामी 15 अप्रैल तक सैलाना ओवरब्रिज के नीचे तथा विनोबा नगर शमशान स्थल के समीप सब्जी विक्रेताओं को विक्रय सुविधा निर्मित कर उपलब्ध करवा दें। विधायक ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि कई स्थानों पर शहर में यह देखा गया है कि सेंट्रल लाइटिंग के ऊपर केबल लाइन खींच दी गई है, जो गलत है, उसे हटवाया जाए। सैलाना बस स्टैंड मिशन कंपाउंड से लगी चार दुकानों को पीछे स्थान पर करने के निर्देश भी विधायक ने दिए। बताया गया कि शहर के मुख्य बाजारों में दुकानदारों द्वारा आगे बढ़कर अपना सामान रख दिया जाता है, इस अतिक्रमण को रोकने के लिए लाइनिंग की जाएगी।



विधायक ने निर्देश दिए कि शहर में निर्माण कार्यों में यह सुनिश्चित करें कि निर्माणकर्ता द्वारा नगर निगम के निर्माण अनुमति संबंधी नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाए। विधायक ने नगर निगम आयुक्त को यह भी निर्देशित किया कि शहर में दुर्घटना संभावित स्थलों मुख्य मार्गों तथा ब्लैक स्पॉट पर डिवाइडर एवं हाई मास्ट लगाए जाएं।

बैठक में कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त को निर्देशित किया गया कि फव्वारा चौक से कलेक्ट्रेट तक मुख्य रोड़ तथा सर्विस रोड़ के मध्य रेलिंग लगाई जाए। विधायक श्री काश्यप ने सब्जी तथा फल-फूल मंडी के मथुरी क्षेत्र में स्थापित करने पर चर्चा की। साथ ही बताया गया कि त्रिवेणी क्षेत्र में भी शीघ्र ही सब्जी, फल-फूल विक्रेताओं के बैठने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

प्रसारण

## त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यव
## पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों

प्रसारण न्यूज • रतलाम

आगामी होली, रंग पंचमी तथा अन्य त्योहारों के अवसर पर जिले में शांति तथा कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम राजेश शुक्ला, हिमांशु प्रजापति, सुश्री कृतिका भिमावद, सुश्री मनीषा वास्कले, श्रीमती कामिनी ठाकुर, जिले के एसडीओ, पुलिस थाना प्रभारी, तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

त्योहारों के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि असामाजिक तत्वों तथा बदमाशों पर सख्त निगरानी रखी जाए। छोटी सी घटना पर भी तत्काल संज्ञान लिया जाए। किसी भी घटना पर अधिकारी अपना

वीडियो वर्जन जारी
राजस्व तथा पुलिस
निर्देश भी कलेक्टर

पुलिस अधी
रतलाम जिले में ल
संवेदनशील स्थलो
चिन्हांकित संवेदन
जाएगा जिससे कोई
सके। उसी स्थान प
लिखा होगा कि अ
अधीक्षक ने सभी
दृष्टिगत सतत निरी
रहने के निर्देश दिए।
पर भी सख्त कार्य
कुमार पुरुषोत्तम ने
सुबह से लेकर रात

प्रसारण 15/3/22

# अब दो स्थानों पर लगेगी सब्जी मंडी

## बैठक • दो फव्वारा चौक से कलेक्टोरेट तक रैलिंग लगाने के निर्देश

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, सब्जी मंडी शिफ्टिंग को लेकर सोमवार को विधायक चेतन्य काश्यप ने समीक्षा बैठक ली। बैठक में विधायक ने फव्वारा चौक से कलेक्टोरेट तक मुख्य रोड तथा सर्विस रोड के मध्य रैलिंग लगाने के निर्देश निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को दिए। इसके साथ ही सब्जी तथा फल-फूल मंडी के मथुरी क्षेत्र में स्थापित करने पर चर्चा की।

मालूम हो कि करीब 26 करोड़ रुपये की लागत से जावरा रोड से सालाखेड़ी तक बनी फोरलेन पर फव्वारा चौक से मंडी तक सर्विस रोड का प्रविधान किया गया है। इसमें कलेक्टोरेट तक काम हो चुका है। फोरलेन पर स्थित दुकानों, शोरूम आदि से वाहनों के सीधे सड़क पर आने से हादसे की आशंका रहती है वहीं ट्रैफिक भी बाधित होता है। रेलिंग लगने के बाद इस पर रोक लगेगी व वाहनों की आवाजाही भी आसानी से हो सकेगी।

**समय सीमा में करें आमजन की शिकायतों का निराकरण**

बैठक में विधायक काश्यप ने कहा कि शहर के आमजन जब अपनी समस्या के निराकरण के लिए निगम कार्यालय आए तो यह सुनिश्चित करें कि वह व्यक्ति निगमायुक्त से मिल सके और अपनी समस्या बता सके और निगमायुक्त समय सीमा में उस व्यक्ति की समस्या हल करें। एसपी अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम राजेश शुक्ला, सीएसपी हेमंत चौहान, आरटीओ दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।



कलेक्टर व एसपी के साथ बैठक में चर्चा करते हुए विधायक चेतन्य काश्यप। • नईदुनिया

### इन पर चल रहा काम

- चांदनीचौक स्थित आजाद चौक में पेड पार्किंग व सुविधाघर के लिए नक्शा बनाया जा रहा है।
- शहर के दो बत्ती, सैलाना रोड चौराहा, लोकेंद्र टाकीज चौराहे पर आधुनिक तकनीक वाले ट्रैफिक सिग्नल लगाने के लिए नगर निगम ने टेंडर जारी कर दिए है। प्रारंभिक लागत 93 लाख रुपये तय की गई है।

### अब इस तरह होगी व्यवस्था

- त्रिवेणी क्षेत्र में भी शीघ्र ही सब्जी, फल फूल विक्रेताओं के बैठने के लिए व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त को निर्देशित किया कि 15 अप्रैल तक सैलाना ओवरब्रिज के नीचे तथा विनोबा नगर श्मशान स्थल के समीप सब्जी विक्रेताओं को विक्रय सुविधा निर्मित कर उपलब्ध करवा दें।
- शहर में कई स्थानों पर सेंट्रल लाइटिंग के ऊपर केबल लाइन खींच दी गई है उसे हटवाया जाएगा।
- सैलाना बस स्टैंड मिशन कंपाउंड से लगी चार दुकानों को पीछे करने के निर्देश भी विधायक ने दिए।
- शहर में निर्माण कार्यों में निर्माणकर्ता द्वारा नगर निगम के निर्माण अनुमति संबंधी नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाए।

नई

नईदुनिया 15/3/22

# कचरा गाड़ी कर्मचारियों ने किया काम बंद, अधिकारियों की समझाइश के बाद शुरू हुआ कचरा कलेक्शन

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण के सर्वे की तैयारियों में जुटे रतलाम नगर निगम को अपने ही कर्मचारियों से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को कार्य में लापरवाही बरतने पर कचरा कलेक्शन वाहन के कर्मचारियों पर वेतन काटने की कार्रवाई की गई थी, जिसके विरोध में



कचरा कलेक्शन गाड़ियों के ड्राइवर और हेल्पर ने आज सुबह काम बंद कर दिया। सुबह कचरा कलेक्शन के लिए वाहन नहीं पहुंचने पर निगम के अधिकारियों ने ड्राइवरों और हेल्पर से चर्चा कर समझाइश दी, जिसके बाद 9 बजे कचरा कलेक्शन का काम शुरू हो सका।

गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण की सर्वे टीम कभी भी रतलाम पहुंचकर सर्वे शुरू कर सकती है, ऐसे में सफाई से जुड़े कर्मचारियों की लापरवाही नगर निगम को भारी पड़ सकती है। दरअसल स्वच्छता सर्वेक्षण में जोर-शोर से जुटे नगर निगम प्रशासन ने रविवार को सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले 66 कर्मचारियों पर एकमुश्त कार्रवाई की थी, जिसमें कचरा कलेक्शन वाहन के ड्राइवर हेल्पर सहित कार्य पर उपस्थित नहीं होने वाले कर्मचारी, धरपकड़ टीम और सफाई कर्मचारी शामिल थे, जिसके विरोध में आज कचरा कलेक्शन गाड़ियां नगर निगम के डिपो से कलेक्शन करने नहीं निकली। कर्मचारियों द्वारा काम बंद किए जाने की जानकारी मिलने पर नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर विरोध कर रहे कर्मचारियों को वेतन नहीं काटे जाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद कचरा कलेक्शन गाड़ियां शहर में रवाना हुई। प्रसारण

प्रसारण 15/3/22

## गंदगी करने वालों पर किया जुर्माना

रतलाम | गंदगी करने वालों पर निगम अमला कार्रवाई कर रहा है। सोमवार को विनोबा नगर क्षेत्र में पीएंडटी कॉलोनी निवासी नासिर पिता बशीर खां को खुले में यूरीन करते पकड़ा। नासिर को 24 घंटे के लिए थाने पर बैठा दिया है। अमानक पॉलीथिन का उपयोग करने और गंदगी फैलाने वाले 10 व्यक्तियों पर जुर्माना किया। कार्रवाई कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीष झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी ने की।

## 18 सफाईकर्मी नहीं आए, एक दिन का वेतन कटेगा

रतलाम | सोमवार को चेकिंग में 18 सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले। पूछताछ में पता चला उन्होंने न अवकाश लिया था और न दरोगा को सूचना दी। आयुक्त सोमनाथ झारिया सभी का एक दिन का वेतन काटने के आदेश दिए हैं। कार्रवाई सुबह की शिफ्ट के 14 और दोपहर की शिफ्ट के 4 सफाई कर्मचारियों पर हुई है।

दै. भास्कर 15/3/22

## दो हजार से अधिक का बधियाकरण

रतलाम. शहर में आवारा कुत्तों के बधियाकरण हेतु जुलवानिया में निर्मित किये गये बधियाकरण केन्द्र को 22 दिसम्बर से शुरू किया गया था। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से कुत्तों कोबधियाकरण केन्द्र लाया गया व उनका बधियाकरण किया गया। जिसके तहत सोमवार तक तक 2433 कुत्तों का बधियाकरण किया जा चुका है। पत्रिका

पत्रिका 15/3/22

## नगर निगम के दरोगा से की मारपीट

रतलाम। दीनदयाल नगर थाना क्षेत्र के खटीक मोहल्ला में शराब पीने के लिए बोतल देने से मना करने पर एक व्यक्ति ने नगर निगम के वार्ड क्रमांक 48 के दरोगा हिमाचल चावरे निवासी रत्नेश्वर रोड के साथ मारपीट की। जानकारी के अनुसार दरोगा चावरे ने पुलिस को बताया कि वह खटीक मोहल्ला में कर्मचारियों से काम करवा रहा था। आरोपित अर्जुन भांभी निवासी उनकी बाइक के पास खड़ा हो गया व शराब की मांग की। मना करने पर गाली गलौच कर मारपीट की। कर्मचारियों ने बीच-बचाव किया तो वह जान से मारने की धमकी देकर चला गया। आरोपित अर्जुन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। नई.

नईदुनिया 15/3/22

पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों की बैठक

# जिले में 1100 स्थानों पर जलेगी होली 125 स्थलों पर होगा सीसीटीवी कवरेज

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** आगामी होली, रंगपंचमी तथा अन्य त्योहारों में कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि असामाजिक तत्वों तथा बदमाशों पर सख्त निगरानी रखी जाए। छोटी-सी घटना पर भी तत्काल संज्ञान लिया जाए। किसी भी घटना पर अधिकारी अपना वीडियो वर्जन जारी करें जिसमें घटना की स्पष्ट जानकारी हो।

एसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि रतलाम जिले में लगभग 1100 होलिका दहन स्थल हैं। संवेदनशील स्थलों की संख्या 100 से 125 तक है। चिन्हांकित संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कवरेज किया जाएगा जिससे कोई भी घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सके। उसी स्थान पर सीसीटीवी लगे होने का फ्लेक्स भी लगाया जाएगा। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सतत निरीक्षण करने, सतर्कता बरतने एवं चौकस रहने के निर्देश दिए। उन्होंने तेज गति से चलने वाले बाइकर्स पर भी सख्त कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य, एएसपी डा. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम राजेश शुक्ला, हिमांशु प्रजापति, कृतिका भीमावद, मनीषा वास्कले, कामनी ठाकुर, जिले के एसडीओ, पुलिस थाना प्रभारी, तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

नईदुनिया 15/3/22



# कचरा गाड़ी कर्मचारियों ने किया काम बंद, अधिकारियों की समझाइश के बाद शुरू हुआ कचरा कलेक्शन

इन्दौर

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण के सर्वे की तैयारियों में जुटे रतलाम नगर निगम को अपने ही कर्मचारियों से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को कार्य में लापरवाही बरतने पर कचरा कलेक्शन वाहन के कर्मचारियों पर वेतन काटने की कार्रवाई की गई थी, जिसके विरोध में कचरा कलेक्शन गाड़ियों के ड्राइवर और हेल्पर ने आज सुबह काम बंद कर दिया। सुबह कचरा कलेक्शन के लिए वाहन नहीं पहुंचने पर निगम के अधिकारियों ने ड्राइवरों और हेल्पर से चर्चा कर समझाइश दी जिसके बाद 9 बजे कचरा कलेक्शन का काम शुरू हो सका। गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण की सर्वे टीम कभी भी रतलाम पहुंचकर सर्वे शुरू कर सकती है ऐसे में सफाई से जुड़े कर्मचारियों की लापरवाही नगर निगम को भारी पड़ सकती है। दरअसल स्वच्छता सर्वेक्षण में जोर शोर से जुटे नगर निगम प्रशासन ने रविवार को सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले 66 कर्मचारियों पर एकमुश्त कार्रवाई की थी। जिसमें कचरा कलेक्शन वाहन के ड्राइवर हेल्पर सहित कार्य पर उपस्थित नहीं होने वाले कर्मचारी, धरपकड़ टीम और सफाई कर्मचारी शामिल थे। जिसके विरोध में आज कचरा कलेक्शन गाड़ियां नगर निगम के डिपो से कलेक्शन करने नहीं निकली। कर्मचारियों द्वारा काम बंद किए जाने की जानकारी मिलने पर नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर विरोध कर रहे कर्मचारियों को वेतन नहीं काटे जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद कचरा कलेक्शन गाड़ियां शहर में रवाना हुई।

इन्दौर समाचार 15/3/22

## 100 मॉईक्रान से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

रतलाम। नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 100 माईक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक (प्लास्टिक स्टीक सहित ईयर बर्ड, बैलून में उपयोग होने वाले प्लास्टिक स्टिक, प्लास्टिक झण्डे, कैंडी स्टिक, आईस्क्रीम स्टीक, सजावट में उपयोग होने वाले थर्मोकोल, प्लास्टिक प्लेट्स, कप, ग्लास, फोर्क, चम्मच, चाकू, स्ट्रा, टेक स्वीट बाक्स, निमंत्रण पत्र, सिगरेट पैकेट को कव्हर करने वाली पैकिंग फिल्म, प्लास्टिक स्टिर्रस व 100 माईक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक व पीवीसी के बैनर) के उपयोग को मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोतम के निर्देशानुसार पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है।

रतलाम नगर के समस्त प्लास्टीक (पॉलीथीन) निर्माता, भण्डारकर्ता, विक्रेता, दुकानदार एवं उपयोगकर्ता 100 माईक्रॉन से कम मोटाई की पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक को ना तो उत्पादन करें एवं ना ही भण्डारण, विक्रय तथा उपयोग करें। उपरोक्त का उल्लंघन किये जाने पर संबधित के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जावेगी। नगर के नागरिकों से अनुरोध है कि प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग ना करें एवं इनके स्थान पर कपड़े एवं कागज से निर्मित थैलियों का उपयोग कर नगर को स्वच्छ, सुन्दर बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग दें।

प्रसारण

## गदंगी, अमानक पॉलीथीन व खुले में यूरिन उपयोग तथा विक्रय करने पर 10 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते हैं, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते है, उन पर लगाम लगाने हेतु संबधितो पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 14 मार्च सोमवार को 14 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। इसके अलावा विनोबा नगर क्षेत्र में खुले में यूरिन करने पर नासिर पिता बशीर खां निवासी पी एन टी कॉलोनी को थाने में बैठाया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार शरीफ पर 2500, हीरालाल जेतपुरी पर 1000, राजसिंह राठौर पर 500, भागवती परमार व अनिल जाट पर 300-300, जैन नाश्ता सेंटर पर 250, यश पर 200, राकेश सिंह चौहान व जुबैर पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग व विक्रय ना करने तथा खुले में यूरिन ना करने की समझाईश दी।

प्रसारण 15/3/22

# 29 मार्च तक कालोनाइजर या तो प्लाट दे या राशि वापस करें

**मामला**

- वर्धमान नगर का मामला, कलेक्टर ने दिए निर्देश
- कालोनाइजर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के वर्धमान नगर के 36 आवेदकों को प्लाट बेचने के बाद भी मौके पर कब्जा नहीं दिए जाने की शिकायत पर जांच के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कालोनाइजर को निर्देशित किया है कि 29 मार्च तक कालोनाइजर सभी आवेदकों को प्लाट दे या फिर राशि वापस करें। इसके बाद कालोनाइजर के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मालूम हो कि गौरव एंड ग्रुप द्वारा कालोनाइजर विजेंद्र गादिया से आवेदकों ने वर्ष 2001-02 में प्लाट खरीदे थे। रजिस्ट्री के बाद आवेदक कब्जा देने की मांग करते रहे, लेकिन कब्जा नहीं दिया गया। गत दिनों पास की जमीन पर दूसरे कालोनाइजर ने नपती करवाई तो आवेदकों को बताई जमीन दूसरे कालोनाइजर के हिस्से की निकली। इसके बाद आवेदक पद्मा शृंगी, छोगालाल पांचाल, कैलाश, रियाज खान, आबिद हुसैन आदि ने जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत की थी।

नईदुनिया 15/3/22

# नगर निगम के कचरा कलेक्शन वाहन चालकों ने किया काम बंद

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

## वेतन काटने की कार्रवाई से नाराज, आश्वासन के बाद शुरू किया काम

नगर निगम के कर्मचारियों ने काम बंद कर दिया इसके बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों के आश्वासन के बाद काम सुचारू हो पाया। स्वच्छ सर्वेक्षण के सर्वे की तैयारियों में जुटे नगर निगम को अपने ही कर्मचारियों से विरोध का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को कार्य में लापरवाही बरतने पर कचरा कलेक्शन वाहन के कर्मचारियों पर वेतन काटने की कार्रवाई की गई थी, जिसके विरोध में कचरा कलेक्शन गाड़ियों के ड्राइवर और हेल्पर ने सोमवार सुबह काम बंद कर दिया। सुबह कचरा कलेक्शन के लिए वाहन नहीं पहुंचने पर निगम के अधिकारियों ने ड्राइवरों और हेल्पर से चर्चा कर समझाइश दी जिसके बाद 9:00 बजे कचरा कलेक्शन का काम शुरू हो सका। गौरतलब है कि स्वच्छ सर्वेक्षण की सर्वे टीम कभी भी रतलाम पहुंचकर सर्वे शुरू कर सकती है ऐसे में सफाई से जुड़े कर्मचारियों की लापरवाही नगर निगम को भारी पड़ सकती है।

उल्लेखनीय है स्वच्छता सर्वेक्षण में जोर शोर से जुटे नगर निगम प्रशासन ने रविवार को सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वाले 66 कर्मचारियों पर एकमुश्त कार्रवाई की थी। जिसमें कचरा कलेक्शन वाहन के ड्राइवर हेल्पर सहित कार्य पर उपस्थित नहीं होने वाले कर्मचारी, धरपकड़ टीम और सफाई कर्मचारी शामिल थे। जिसके विरोध में आज कचरा कलेक्शन गाड़ियां नगर निगम के डिपो से कलेक्शन करने नहीं निकली। कर्मचारियों द्वारा काम बंद किए जाने की जानकारी मिलने पर नगर निगम के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर विरोध कर रहे कर्मचारियों को वेतन नहीं काटे जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद कचरा कलेक्शन गाड़ियां शहर में रवाना हुई। दबंग

दबंग दुनिया 15/3/22

# जिले में 1100 स्थानों पर होगा होलिका दहन

## संवेदनशील 125 स्थल चिन्हांकित, रहेगी विशेष निगरानी

रतलाम। आगामी होली, रंग पंचमी तथा अन्य त्योहारों के अवसर पर जिले में शांति तथा कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई।

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अपर कलेक्टर एमएल आर्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. इंद्रजीत बाकलवार, सुनील पाटीदार, एसडीएम राजेश शुक्ला, हिमांशु प्रजापति, कृतिका भिमावद, मनीषा वास्कले, कामिनी ठाकुर, जिले के एसडीओ, पुलिस थाना प्रभारी, तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

नवभारत



### कलेक्टर: हर घटना पर तत्काल संज्ञान लिया जाएगा

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि त्योहारों के मद्देनजर असामाजिक तत्वों तथा बदमाशों पर सख्त निगरानी रखी जाए। छोटी सी घटना पर भी तत्काल संज्ञान लिया जाए। किसी भी घटना पर अधिकारी अपना वीडियो वर्जन जारी करें जिसमें घटना की स्पष्ट जानकारी हो। राजस्व तथा पुलिस अधिकारियों को सतत संयुक्त भ्रमण के निर्देश भी कलेक्टर ने दिए।

### संवेदनशील स्थल का सीसीटीवी कवरेज होगा

एसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि जिले में लगभग 1100 होलिका दहन स्थल हैं। संवेदनशील स्थलों की संख्या 100 से 125 तक है। चिन्हांकित संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कवरेज किया जाएगा, जिससे कोई भी घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी मिल सके। उसी स्थान पर फ्लेक्स भी लगाया जाएगा जिस पर लिखा होगा कि आप सीसीटीवी निगरानी में है।

नवभारत 15/3/22

# स्वच्छता अभियान में लापरवाही करने वाले दर्जनों कर्मचारियों को मिली सजा

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान के दौरान गंभीरता से कार्रवाई नहीं करने और कार्य में लापरवाही बरतने वाले दर्जनों कर्मचारियों का वेतन काटने के साथ ही सेवा से बरखास्त करने का नोटिस भी दिया जा रहा है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर कचरा संग्रहण वाहन के 4 चालक व 1 लिपिक का वेतन काटा गया है। बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर और लगातार कार्य में बरती जा रही लापरवाही के कारण 7 दिवस का वेतन काटने की सजा दी गई। साथ ही सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। इसके साथ ही कचरा संग्रहण वाहनों से 13 मार्च को वार्डों में 5-5 ट्रीप लगाये जाने के निगम आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के बाद भी कचरा संग्रहण वाहनों के 21 ड्रायवर व 26 हैल्परों द्वारा कार्य नहीं किये जाने पर आधे दिवस का वेतन काटा गया। नगर निगम राजस्व विभाग के भृत्य उंकार-मोहन का एक सप्ताह पूर्व राजस्व विभाग से संत कवंरराम कम्युनिटी हॉल पर चैकीदारी हेतु पदस्थ किया गया था। आदेष जारी होने के बाद भी उंकार-मोहन द्वारा कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं हुए अनुपस्थिति की दषा में चोरो द्वारा कम्युनिटी हॉल की जालियां चोरी की गई व खिड़कियों के कांच फोड़े गये।

## गदंगी फैलाने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

इसके साथ ही कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर शहर में गंदगी फैलाने वाले 16 व्यक्तियों पर जुमार्ना किया गया। निगम आयुक्त ने बताया कि बाम्बेवाला मटका कुल्फी पर 300, बुरहानी बेग सेंटर पर 250, षिवषक्ति कैफे पर 200, ललीत, चैधरी चाट हाउस, सुमीत चाट सेंटर, अरविन्द, श्रीराम टी स्टॉल, सद्दाम, बाबा चाट सेंटर, महाकाल सोड़ा शिकंजी, मुकेश मालवीय, संजू, अमित, संतोश व मिनाक्षी बस ड्रायवर पर 100-100 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग व विक्रय ना करने तथा खुले में यूरिन ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही कुलदीप भट्ट, विजय मेहना, मनीश झांझोट, अंकित पुरोहित, राजकुमार भाटी आदि के द्वारा की गई।

## 17 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

वार्डों में स्वच्छता पर्यविक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डों में प्रातः 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक करने पर अनुपस्थित 17 सफाई मित्रों का 1 दिन का वेतन काटा गया। ऐसे सफाई मित्र जो कि बिना सूचना के लगातार तीन दिवस तक अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहते है उन्हे सेवा से बर्खास्त/निलबंन की कार्यवाही की जावेगी।

दबंग दुनिया 15/3/22